घर में घुसकर वारदात करने वाले 2 संदिग्ध भागते देखे गये

लूटपाट के बाद मूक बधिर महिला की हत्या

जबलपुर। खितौला थाना क्षेत्र के ग्राम दरौलीकला में घर में अकेली रह रही 55 वर्षीय मूक-बधिर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। महिला के हाथ-पैर बांधकर और मुंह में कपड़ा ठूंसकर हत्या की गई। घटना के बाद घर से दो युवक भागते हुए दिखाई दिए। पुलिस को आशंका है कि लूटपाट के दौरान विरोध करने पर महिला की हत्या की गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार दरौलीकला निवासी संजय राठौर ने बताया कि वह मजदूरी करता है। 2 अक्टूबर को वह गांव में काम पर गया था, जबकि उसके पिता भी काम के सिलसिले में ग्राम केवलारी गए थे। घर में उसकी 55 वर्षीय मां लक्ष्मीबाई अकेली थीं। लक्ष्मीबाई बचपन से ही मूक-बधिर थीं। संजय ने बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे वह घर आया था। उस समय उसकी मां घर के अंदर परछी में दीवार से टिककर बैठी थीं। कुछ देर रुकने के बाद वह दोबारा काम पर चला गया। दोपहर करीब 1.30 बजे मोहल्ले के संदीप बर्मन ने आकर बताया कि उसके घर से करीब 20-25 वर्ष उम्र के दो युवक निकलकर भागे हैं और आशंका है कि वे चोरी करके भागे हैं।

संजय तत्काल घर पहुंचा तो उसकी मां अंदर कमरे में गद्दे पर मृत अवस्था में पड़ी थीं। उनके दोनों पैर रस्सी से और हाथ कपड़े से बंधे थे। मुंह में पीला गमछा बंधा हुआ था। कनपटी और गाल पर चोट के निशान भी मिले। परिजन उन्हें ऑटो से शासकीय अस्पताल सिहोरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने लक्ष्मीबाई को मृत घोषित कर दिया। घर का सामान बिखरा हुआ था। परिजनों के अनुसार महिला के गले में पहने सोने के छह गुरियों वाला मंगलसूत्र और लॉकेट भी गायब था। संजय ने आशंका जताई कि घर में घुसे दोनों युवकों ने लूटपाट के दौरान उसकी मां के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की और उनकी हत्या कर दी। मोहल्ले की ज्योति बर्मन ने भी दोनों युवकों को घर से निकलकर भागते हुए देखने की बात पुलिस को बताई है।

एफएसएल और फिंगर प्रिंट टीम ने जुटाए साक्ष्य

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीओपी पाटन आदित्य सिंघारिया, एफएसएल अधिकारी डॉ. नीता जैन और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ अखिलेश चौकसे ने टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 331(7), 309(4) और 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए खितौला थाना पुलिस की टीम गठित की गई है। पुलिस संदिग्ध युवकों के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

कटनी के कुठला थाने की घटना, परिजनों ने पुलिस पर लगाया जलाने का आरोप

थाने में किया अग्निदाह, जबलपुर में इलाज के दौरान मौत

जबलपुर। संभाग के कटनी जिले में कटनी के ही कुठला थाना परिसर में चोरी की वारदात के संदिग्ध ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। उसे उपचार के लिए जबलपुर लाया गया जहां अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि इंद्रनगर निवासी दलपत पटेल को कल शुक्रवार को हुई अग्निदाह की घटना के बाद गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया था। मामले में दलपत के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार इंद्रनगर में अभी हाल सितंबर माह में ही हुई चोरी के मामले में कार्रवाई चल रही थी। इस मामले में आरोपी लाला निषाद पहले पकड़ा जा चुका था, जबकि दलपत का बेटा मोहित पटेल जेल में बंद था। गुरुवार को कुठला पुलिस मोहित को न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए थाने लाई थी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में मोहित और उसकी मां ने चोरी के गहने एक सुनार के पास बेचने की बात बताई थी। पुलिस के अनुसार इसके बाद संबंधित सुनार की दुकान और आसपास जांच की गई, जिसमें दलपत की पत्नी की मौजूदगी के प्रमाण मिले। उससे हुई पूछताछ में महिला ने पुलिस को बताया था कि चोरी का बचा हुआ कुछ जेवर उसका पति दलपत शुक्रवार को लेकर आएगा। इसके बाद शुक्रवार को दलपत थाने पहुंचा, जहां कोई कुछ कहता कि इससे पहलें उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली।

पुलिस पर लगे गंभीर आरोप

इस घटना के बाद दलपत के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाए हैं। उसके बेटे महेंद्र पटेल ने आरोप लगाया कि पुलिस ने ही उसके पिता को आग लगाई। महेंद्र के मुताबिक, जलने के बाद उसके पिता ने उसे बताया था कि थाने वालों ने आग लगाई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया।

मामले की निष्पक्ष जांच का वादा

इस पूरे घटनाक्रम पर कटनी एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इंद्रनगर चोरी मामले में रिमांड पर लिए गए आरोपी मोहित और उसकी मां से पूछताछ के आधार पर सुनार के यहां जांच की गई थी। वहां महिला की मौजूदगी की पुष्टि हुई थी। महिला ने अपने पति द्वारा शेष जेवर शुक्रवार को लाने की बात कही थी। शुक्रवार को उसके पति ने थाने पहुंचने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों सहित पूरे मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कराई जा रही है।

सायबर ठग ने बहनोई बनकर वृद्ध को लगाई 50 हजार की चपत

जबलपुर। रांझी थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग को उसके बहनोई का व्हाट्सऐप हैक कर 50 हजार रुपये की चपत लगा दी। आरोपी ने बहनोई बनकर रुपये की जरूरत बताई और एक घंटे में वापस करने का भरोसा देकर यूपीआई के माध्यम से रकम ट्रांसफर करा ली। बाद में पता चला कि बहनोई का मोबाइल हैक किया गया था।

पुलिस के अनुसार व्हीएफजे उदयनगर रांझी निवासी 70 वर्षीय सनत कुमार बेनर्जी ने 2 अक्टूबर को साइबर सेल में लिखित शिकायत दी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर की शाम करीब 5.40 बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप के जरिए आगरा निवासी उनके बहनोई राकेश कुमार सिंह का संदेश आया। संदेश में 55 हजार रुपये की जरूरत बताते हुए कहा गया कि उनका यूपीआई काम नहीं कर रहा है और रकम एक घंटे में वापस कर दी जाएगी। विश्वास में आकर सनत कुमार ने बताए गए यूपीआई खाते पर दो बार में 50 हजार रुपये गूगल-पे के माध्यम से भेज दिए। इसके बाद बैंक से संदेश आया कि एक ही व्यक्ति बार-बार रकम भेज रहा है, इसलिए लेन-देन की जांच करने को कहा गया। संदेह होने पर उन्होंने राकेश कुमार को फोन किया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला। बाद में अन्य रिश्तेदारों से जानकारी मिली कि राकेश कुमार के नाम से कई लोगों को इसी तरह के संदेश भेजे जा रहे हैं। राकेश कुमार से संपर्क होने पर उन्होंने बताया कि उनका मोबाइल हैक हो गया है। इसके बाद सनत कुमार को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

गोरखपुर में फ्लैट पर दबिश, अवैध शराब और प्रतिबंधित हुक्का बरामद

किराएदारों और केयरटेकरो की सघन जांच

जबलपुर। भोपाल में एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की सनसनीखेज हत्या की वारदात के बाद जबलपुर पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के बाद शहरभर में किराए के मकानों, फ्लैट, डुप्लेक्स, पेइंग गेस्ट और केयरटेकर के रूप में रहने वाले लोगों का सत्यापन एवं संदिग्ध ठिकानों की जांच शुरू की गई है। इसी अभियान के तहत गोरखपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अपार्टमेंट स्थित फ्लैट पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब और प्रतिबंधित हुक्का मिला। पुलिस ने मौके से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

गोरखपुर सीएसपी एमडी नगोतिया के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और थाना प्रभारियों ने क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि एक अपार्टमेंट में कुछ लोगों ने हाल ही में फ्लैट किराए पर लिया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संबंधित फ्लैट की तलाशी ली, जहां अवैध शराब और प्रतिबंधित हुक्का बरामद हुआ।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार हिरासत में लिए गए युवक की गतिविधियां संदिग्ध पाई गई हैं। उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि अवैध शराब और हुक्का कहां से लाया गया था तथा उसके संपर्क में और कौन-कौन लोग हैं।

नए किराएदारों के सत्यापन के निर्देश

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। नए किराएदारों का अनिवार्य रूप से सत्यापन करने के साथ ही हॉस्टल, पेइंग गेस्ट और अन्य संदिग्ध ठिकानों पर लगातार चेकिंग करने को कहा गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा नियमों के उल्लंघन की जानकारी मिलने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मंदिर भूमि के राजस्व रिकार्ड में बदलाव पर हाईकोर्ट की रोक

जबलपुर । हाईकोर्ट ने श्रीराधा कृष्ण मंदिर की भूमि के राजस्व अभिलेख में सरवराकार के नाम को लेकर चल रहे विवाद में अंतरिम आदेश देते हुए अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने सुरेंद्र जायसवाल की याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब तलब किया है।



याचिकाकर्ता की ओर से 24 अगस्त 2026 को अतिरिक्त कलेक्टर, जबलपुर द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई है। विवाद ग्राम खैरी, तहसील शाहपुरा (भिटौनी) स्थित खसरा नंबर 25 की 1.485 हेक्टेयर मंदिर भूमि से संबंधित है। याचिकाकर्ता का दावा है कि वर्ष 1948 से राजस्व रिकार्ड में मंगल्ली एवं उनके परिवार का नाम सरवराकार के रूप में दर्ज रहा है। वर्ष 2014 में अन्य व्यक्तियों के नाम प्रबंधक के रूप में दर्ज किए गए थे, जिसे अपीलीय प्राधिकारी ने 30 अक्टूबर 2017 को निरस्त कर मंगल्ली का नाम पुनः दर्ज करने का निर्देश दिया था। याचिका के अनुसार एसडीओ ने 24 अक्टूबर 2025 को उक्त आदेश का पालन किया, लेकिन अतिरिक्त कलेक्टर ने 24 अगस्त 2026 को आदेश निरस्त कर पुनः अन्य नाम दर्ज करने का रास्ता खोल दिया। हाई कोर्ट ने प्रथमदृष्टया मामले पर विचार करते हुए नोटिस जारी किए और अगली सुनवाई तक राजस्व रिकार्ड में वर्तमान स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। प्रकरण चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।



सेवा संकल्प अभियान के तहत चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत भाजपा जबलपुर महानगर की चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तचाप, शुगर सहित विभिन्न जांचें की गईं तथा जरूरत के अनुसार दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी संदीप जैन के अनुसार पश्चिम विधानसभा में 730, उत्तर में 400, कैंट में 350 तथा पूर्व विधानसभा में 257 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जनसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि 'सेवा मेरा योगदान' अभियान समाज के प्रति दायित्व निभाने का संकल्प है। शिविरों में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

श्रीगोविंद गंज रामलीला का श्रीमुकुट पूजन चल समारोह आज

जबलपुर। मध्य भारत की सर्वाधिक प्राचीन श्रीगोविंद गंज रामलीला समिति का 162वां श्रीमुकुट पूजन चल समारोह रविवार सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा। सोमवार 5 अक्टूबर को नारद मोह श्री राम जन्म की लीला के साथ रामलीला का मंचन प्रारंभ हो जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए रामलीला समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आज सायं 7 बजे पूर्व महापौर प्रभात साहू भगवान की श्रीमुकुटों का पूजन-अर्चन कर चल समारोह रवाना करेंगे। चल समारोह रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर गुड़हाई, तमरहाई, कोतवाली, सराफा, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, बल्देवबाग, चेरीताल, गोपाल बाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण पहुंचेगा। इससे पूर्व सायं चार बजे रामलीला व्यास पं. वासुदेव शास्त्री श्रीमुकुटों की प्राण प्रतिष्ठा कराएंगे।

चेक बाउंस मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी का महत्वपूर्ण निर्णय

रिटर्न चेक पर बैंक की सील और अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं तो दोषसिद्धि नहीं

जबलपुर। रिटर्न चेक पर बैंक की सील और अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होने की स्थिति में आरोपी को चेक बाउंस के मामले में दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डा. गौरव गर्ग की अदालत ने चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में यह महत्वपूर्ण अभिमत व्यक्त करते हुए परिवाद निरस्त कर दिया।

मामले में ठक्कर ग्राम निवासी मिजाल हुसैन ने गोहलपुर निवासी मो. अख्तर अंसारी के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया था। आरोप था कि अख्तर अंसारी ने दो लाख रुपये का चेक दिया था, जो बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर बाउंस हो गया।आरोपी की ओर से तर्क दिया गया कि प्रस्तुत रिटर्न चेक पर बैंक की सील नहीं लगी है और न ही संबंधित बैंक अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। ऐसी स्थिति में चेक के बैंक द्वारा विधिवत लौटाए जाने के संबंध में आवश्यक प्रमाणिकता स्थापित नहीं होती। दलीलों और उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार के बाद न्यायालय ने रिटर्न चेक पर बैंक की सील व अधिकारी के हस्ताक्षर के अभाव को महत्वपूर्ण मानते हुए परिवाद निरस्त कर दिया।

पाटन और किसरोद रोड से गुजरेंगे वाहन

आज और कल मार्ग रहेगा परिवर्तित

जबलपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा शहपुरा भिटोनी स्थित कैथरा रेलवे फाटक पर आवश्यक मरम्मत एवं तकनीकी सुधार कार्य के चलते 24 घंटे के लिए यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं उप खंड मजिस्ट्रेट शहपुरा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 04 अक्टूबर की सुबह 8:00 बजे से 05 अक्टूबर की सुबह 8:00 बजे तक कैथरा फाटक से दो-पहिया, चार-पहिया तथा अन्य सभी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मेंटेनेंस कार्य के दौरान क्षेत्रवासियों और यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। जबलपुर से भोपाल की ओर जाने वाले समस्त वाहनों को पाटन मार्ग से होकर डायवर्ट किया गया है, जिससे भोपाल जाने वाले वाहन पाटन होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा पाटन एवं बेलखेड़ा की ओर जाने वाले स्थानीय वाहनों के लिए किसरोद मार्ग को वैकल्पिक रास्ते के रूप में उपयोग करने की सलाह दी गई है।



सिहोरा रोड स्टेशन पर 'वानर सेना' का आतंक, यात्री हो रहे लहूलुहान

सामान छीनने से लेकर यात्रियों पर हमले तक, प्लेटफॉर्म से फुट ओवरब्रिज तक बंदरों का कब्जा

सिहोरा।

सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर बंदरों का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। यात्रियों से खाने-पीने की वस्तुएं और सामान छीनने वाले बंदर अब उन पर हमला कर उन्हें घायल करने लगे हैं। शुक्रवार सुबह गौड़वाना एक्सप्रेस से जबलपुर जा रही एक छात्रा पर बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। इसके पूर्व भी एक वृद्ध महिला



का सामान छीनने के दौरान उसे घायल करने की घटना सामने आ चुकी है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक एक और दो के अलावा वेटिंग हॉल, टिकट खिड़की के आसपास तथा फुट ओवरब्रिज पर बंदरों के झुंड खुलेआम घूमते रहते हैं। यात्रियों के मुताबिक सुबह और शाम के समय इनकी संख्या और बढ़ जाती है। खाने-पीने की वस्तुएं देखते ही बंदर यात्रियों की ओर झपटते हैं और विरोध करने पर आक्रामक हो जाते हैं। इससे विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे कॉलोनी में भी दहशत

बंदरों का आतंक केवल यात्रियों तक सीमित नहीं है। रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारी और उनके परिवार भी परेशान हैं। कुछ दिन पूर्व कॉलोनी में रहने वाले एक बच्चे को भी बंदरों ने घायल कर दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा नगर पालिका को पत्र लिखकर बंदरों को पकड़ने के लिए टीम भेजने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले भी पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अब तक नगर पालिका की टीम मौके पर नहीं पहुंची। यात्रियों और रेलवे कॉलोनी के रहवासियों ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

आदर्श स्टेशन का तमगा, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन का दर्जा प्राप्त है। वहीं 6 अगस्त 2023 से अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से स्टेशन के विकास कार्य किए जाने का दावा किया जा रहा है। इसके बावजूद यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं होने से रेलवे की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर बंदरों के आतंक के चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

इकीगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में शोकेस डे, नन्हों ने दिखाई प्रतिभा

जबलपुर। इकीगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल, तिलहरी में शोकेस डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में **PG**, नर्सरी, **LKG** एवं **UKG** के नन्हे विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं संवादात्मक गतिविधियों, प्रोजेक्ट्स और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सीख, समझ और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने कक्षा में सीखी गई विभिन्न अवधारणाओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिभावकों के समक्ष साझा किया। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति एवं संचार कौशल की झलक देखने को मिली। अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत और उत्साह की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की संस्थापक श्रीमती अर्पिता मलपानी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती सोनिया कोचर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया।



उनकी उत्साहवर्धक उपस्थिति ने बच्चों एवं शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया।

खेलो इंडिया अस्मिता सेपक टकरा स्टेट लीग में जबलपुर ओवरऑल चैंपियन

जबलपुर। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के मंडीदीप में 25 से 27 सितंबर 2026 तक आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता महिला सेपक टकरा स्टेट लीग 2026-27 में अंडर-17 बालिका वर्ग में जबलपुर जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में जबलपुर की खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक अर्जित किए और ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल की। जबलपुर की इस उपलब्धि से जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ



है। टीम की सफलता पर जिला शिक्षा खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, मध्यप्रदेश सेपक टकरा संघ के सह-सचिव आशीष मिश्रा एवं सेपक टकरा संघ के सचिव राम सिंह लोधी ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गरीब नवाज कमेटी ने जरूरतमंद का कराया अंतिम संस्कार



जबलपुर। कांचघर, शुक्ला होटल, लालमाटी निवासी सिमोन वाइटर (57) का उपचार के दौरान मेडिकल अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले करीब आठ माह से कैंसर से पीड़ित थे। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। मृतक के पुत्र लक्की वाइटर ने गरीब नवाज कमेटी से संपर्क कर बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और वे अपने पिता के अंतिम संस्कार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मेथोडिस्ट चर्च को भी सूचना दी गई थी, लेकिन उन्हें वहां से सहायता नहीं मिल सकी। जानकारी मिलने के बाद गरीब नवाज कमेटी ने मानवता का परिचय देते हुए अंतिम संस्कार में सहयोग किया। कमेटी के सहयोग से मृतक का अंतिम संस्कार उनके पुत्र लक्की वाइटर के हाथों ईसाई रीति-रिवाज के अनुसार तिलवारा में दफनाकर किया गया। इस मानवीय कार्य में आदिल पठान, रियाज अली, दीपक निगम, बाबू भाई एवं विकास जैन ने सहयोग किया। कमेटी के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

धम्म विजयादशमी पर विशाल शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

जबलपुर। प्रियदर्शी सम्राट अशोक धम्म विजयादशमी महापर्व पर 20 अक्टूबर को डॉ. आंबेडकर चौक, हाईकोर्ट से प्राचीन बौद्धमठ गोपालपुर, लम्हेटाघाट तक विशाल धम्म शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर 2 अक्टूबर को त्रिमूर्ति बुद्धा पार्क, सदर कैंट में बैठक आयोजित हुई। बैठक में शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने तथा विभिन्न बौद्ध विहारों, आंबेडकरी-बौद्धिस्ट एवं बहुजन संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। शोभायात्रा सुबह 9 बजे डॉ. आंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर घंटाघर,



मालवीय चौक, तीन पत्ती, शास्त्री ब्रिज, मदन महल, धनवंतरी नगर, लम्हेटा बायपास एवं चौकीताल होते हुए बौद्धमठ पहुंचेगी। यहां सभा के बाद भोजनदान होगा। बैठक की अध्यक्षता आयु. मनोज वाघमारे ने की। बौद्धाचार्य उदयभद्र बौद्ध सहित अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी से शोभायात्रा में सहभागिता की अपील की।

स्वच्छता जागरूकता रैली निकली, लगाया स्वास्थ्य शिविर

पाटन। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत नगर परिषद पाटन द्वारा विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह की अगुवाई में मिस्पा मिशन स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को नाग तालाब पार्क, ऐतिहासिक धरोहरों एवं प्राचीन मंदिरों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नगर के इतिहास एवं धरोहरों की जानकारी देने के साथ प्लास्टिक मुक्त परिसर, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों एवं नागरिकों को स्वच्छता का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। नगर परिषद कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए शिलाफलकम तक स्वच्छता



जागरूकता रैली निकाली गई। नाग तालाब के घाट पर वृक्षारोपण भी किया गया। सिविल अस्पताल पाटन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 74 सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच की गई। महिला कर्मियों को सेनेटरी पैड तथा आयरन, कैल्शियम एवं फोलिक एसिड की दवाएं वितरित की गईं। चार कर्मियों के आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम में सीएमओ जयश्री चौहान, जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोहारी ग्रामसभा में विकास कार्यों के हिसाब को लेकर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

पनागर। ग्राम पंचायत मोहारी में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित आमसभा में पंचायत के विकास कार्यों और सरकारी राशि के उपयोग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर सवाल उठाए। ग्रामीणों ने सरपंच राजकुमारी कोल, सचिव प्रियंका परिहार एवं सहायक सचिव अभिलाषा लोधी से पंचायत के कार्यों और भुगतान का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। ग्रामसभा में सामुदायिक शौचालय की स्थिति, डग पॉइंट के कार्य, मजदूरी भुगतान, मस्टर रोल, हाजिरी तथा पंचायत राशि के लेनदेन से जुड़े मुद्दे उठाए गए। ग्रामीणों ने संबंधित कार्यों की स्वीकृत राशि, भुगतान विवरण, मस्टर रोल, बैंक रिकॉर्ड एवं कार्य पूर्णता संबंधी दस्तावेज ग्रामसभा के समक्ष प्रस्तुत करने की मांग की।

ग्रामीणों ने कुछ कार्यों में कथित अनियमितता तथा फर्जी हाजिरी और मस्टर रोल की आशंका भी जताई। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उपसरपंच जगमोहन सिंह ठाकुर सहित ग्रामीणों ने पूरे



मामले की जांच और अभिलेखों के सार्वजनिक सत्यापन की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की राशि जनता की है और उसके उपयोग की जानकारी ग्रामसभा में पारदर्शी तरीके से दी जानी चाहिए। अब संबंधित रिकॉर्ड और जांच से ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जनेकृविवि में निकाली गई नशामुक्ति अभियान रैली, विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश



जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना वर्ष के अवसर पर तृतीय दिवस नशामुक्ति अभियान रैली का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में रैली आयोजित हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एनसीसी एमपी बटालियन-2 के संयुक्त आयोजन में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और नारों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया। कुलपति डॉ. मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ रैली में शामिल हुए। रैली महाविद्यालय परिसर से सुहागी बस्ती, मेन रोड होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पहुंची। इस अवसर पर एनसीसी गर्ल्स बटालियन द्वारा संकल्प वृक्ष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पूनम राठौर ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



जबलपुर। शहर निवासी श्रीमती पूनम राठौर ने प्राणिशास्त्र विषय में लेडीबर्ड बीटल (कोक्सिनेलिड्स) पर शोध कार्य पूर्ण कर एमयू विश्वविद्यालय, इंदौर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। पूनम राठौर, श्री आयुष राठौर की पत्नी, श्री देव प्रकाश राजपूत एवं श्रीमती वंदना राजपूत की पुत्री तथा श्री सोवरन सिंह राठौर एवं श्रीमती इंद्रा राठौर की बहू हैं। उन्होंने अपनी इस शैक्षणिक उपलब्धि का श्रेय कड़ी मेहनत, लगन और परिवार के निरंतर सहयोग को दिया। उनकी इस सफलता पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

भेड़ाघाट में चेकिंग प्वाइंट को लेकर कांग्रेस ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

भेड़ाघाट। भेड़ाघाट नगर कांग्रेस कमेटी ने पर्यटन क्षेत्र में पुलिस चेकिंग प्वाइंट को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जैन ने कहा कि भेड़ाघाट प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल है, जहां देश-विदेश से पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते हैं। उनके अनुसार नगर परिषद सीमा क्षेत्र में सुबह-शाम होने वाली चेकिंग से पर्यटकों को परेशानी होती है और छोटे दुकानदारों के कारोबार पर भी असर पड़ता है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि चेकिंग प्वाइंट



को नगर परिषद की सीमा से बाहर भेड़ाघाट चौराहा या चौकीताल रोड के आसपास लगाया जाए, ताकि पर्यटन और स्थानीय व्यापार प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाएं चला रही है, वहीं चेकिंग व्यवस्था से पर्यटकों के प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

ज्ञापन के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, रामेश्वर गिरी, सुनील जैन, किशोर दुबे, अभिषेक दाहिया सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

मझौली में आंगन मिलन समारोह, पोषण और योजनाओं की दी जानकारी

मझौली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद मझौली के वार्ड क्रमांक 15 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन से हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं वक्ताओं ने महिलाओं और अभिभावकों को बच्चों के पोषण, शिक्षा तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। आंगनबाड़ी केंद्र में पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी लगाई गई तथा बच्चों के समुचित स्वास्थ्य एवं विकास में



पौष्टिक भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। महिलाओं के लिए चम्मच खेल प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं सहित विभिन्न गतिविधियों में शामिल बच्चों एवं महिलाओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष सुनील गामा सोनकर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश झारिया, सीएमओ स्नेहा मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

शासकीय कॉलेज में ब्यूटीशियन व कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन



सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित ब्यूटीशियन एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. एम.के. श्रीवास्तव ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल को स्वरोजगार के रूप में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एडवांस्ड ब्यूटीशियन कोर्स में प्रशिक्षण लेने की इच्छुक छात्राओं को पहले अपने प्रशिक्षण का प्रदर्शन करना होगा। ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के लिए 70 छात्राओं तथा कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 55 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। कंप्यूटर प्रशिक्षण का दूसरा बैच 5 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में डॉ. नीता तिवारी, डॉ. राजेश वाहने, आईक्यूएसी प्रभारी सुश्री प्रिंसी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. एस.के. मेहरोलिया ने किया।

बुधुआ स्कूल में विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क यूनिफॉर्म, खिले चेहरे



सिहोरा। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुधुआ में पितृपक्ष के अवसर पर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित 9 विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान की गई, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अनुपस्थित विद्यार्थियों को अगले सप्ताह यूनिफॉर्म वितरित की जाएगी। विद्यालय में पितृपक्ष के अवसर पर सेवा कार्य की परंपरा रही है। पिछले वर्ष भी इसी अवसर पर सभी विद्यार्थियों को पानी की बोतलें वितरित की गई थीं। कार्यक्रम में शाला प्रभारी प्रहलाद पटेल, शिक्षक प्रमोद नामदेव, ऋषिराज उपाध्याय, सतीश तिवारी एवं शिक्षिका श्रीमती करुणा चौबे उपस्थित रहीं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

आम सूचना

मैं, समायरा सिंह (SAMAYRA SINGH), पुत्री श्री निमिष प्रदीप्त सिंह (Shri Nimish Pradeepta Singh) एवं श्रीमती करुणा निमिष सिंह (Smt. Karuna Nimish Singh), निवासी मकान नंबर 40, आकर्ष एन्क्लेव, तिलहरी, ऑक्सीजन जिम के पास, मण्डला रोड, जबलपुर, मध्यप्रदेश 482020 एतद्वारा आम जनता एवं संबंधित अधिकारियों को सूचित करते हुए निम्नलिखित घोषणा करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक P8756865 में मेरी माता का नाम त्रुटिवश करुणा सिंह (KARUNA SINGH) अंकित हो गया है। यह कि मेरी माता का सही एवं पूर्ण नाम करुणा निमिष सिंह(KARUNA NIMISH SINGH) है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरी माता का नाम करुणा निमिष सिंह एवं मेरे पिता का नाम निमिष प्रदीप्त सिंह (NIMISH PRADEEPTA SINGH) अंकित है यह कि करुणा सिंह (KARUNA SINGH) एवं करुणा निमिष सिंह (KARUNA NIMISH SINGH) दोनों नाम एक ही महिला के हैं, जो मेरी सगी माता हैं। यह कि मेरी माता का सही एवं पूर्ण नाम करुणा निमिष सिंह (KARUNA NIMISH SINGH) है तथा भविष्य में उन्हें इसी नाम से जाना, पहचाना एवं सभी शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में सदर्भित किया जाए। यह कि उक्त घोषणा मेरी माता के नाम में पासपोर्ट एवं अन्य पहचान संबंधी दस्तावेजों में विद्यमान अंतर को स्पष्ट करने तथा आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों एवं अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु की जा रही है।

स्थानः जबलपुर

घोषणाकर्ता-
समायरा सिंह (SAMAYRA SINGH)
: 9823555455, 9131198883
KARTIK SHUKLA (ADVOCATE)
M.P. HIGH COURT
Add. - Shop No. 10, Narmada Jyoti Printing Press, Beside Gate No. 2, Session Court Nagar Nigam Market, Clock Tower, Jabalpur (M.P.) - 482001
Email - kartikshukla.shukla@gmail.com
Contact. No. - 7000699652,

नाम परिवर्तन सूचना

मैं साजिद खान पिता की अब्दुल वाहिद खान उम्र 32 वर्ष निवासी म. न. 1555 दुर्गा मंदिर के पास रानी दुर्गावती वार्ड गढ़ा जबलपुर मध्यप्रदेश शपथ पूर्वक कहता हूँ, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ एवं मेरी 10 वीं व 12 वीं के अंकसूची में मेरा नाम अब्दुल साजिद खान दर्ज तथा आधारकार्ड, पेन कार्ड, परिचय पत्र में मेरा नाम साजिद खान दर्ज है जो सही है एवं दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है अतः मुझे सभी दस्तावेजों मे साजिद खान के नाम से जाना जाए इस हेतु शपथ पत्र पेश है।

पुराना नाम
अब्दुल साजिद खान
नया नाम
साजिद खान

नाम परिवर्तन सूचना

I, ARMY NO.JC 375916P, RANK-SUB, NAME BP DWIVEDI S/O RAM PRAKASH DWIVEDI OF UNIT DEPOT REGT (CORPS OF SIGNALS), JABALPUR (M.P) AADHAR CARD NO. 8004 5241 4377, शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम RISHIRAJ DWIVEDI दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे बेटे के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजों में मेरे बेटे का नाम RISHI RAJ DWIVEDI दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे बेटे के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं BY595222 दिनांक 06-08-26 नोटरी जबलपुर म.प्र. ।

गलत नाम-RISHIRAJ DWIVEDI
सही नाम-RISHI RAJ DWIVEDI

नाम परिवर्तन सूचना

मै, पिंकी भावनानी पत्नी श्री सतराम भावनानी पिता श्री रमेश लाल मनवानी उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी-133/1 सांई मंदिर के पास नारायण चौक कांचघर जबलपुर म.प्र. की होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि मेरा विवाह दिनांक 06/06/2005 को श्री सतराम भावनानी के साथ हुआ था। शादी के पूर्व मेरा नाम गीता मनवानी पिता श्री रमेशलाल मनवानी लिखा व पढ़ा जाता था । शादी के बाद अब मेरा नाम पिंकी भावनानी हो गया है अतः आज के बाद मुझे पिंकी भावनानी के नाम से ही जाना जावे उक्त नाम मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में भी अंकित है। मेरा आधार नं. 4121 27434559 है । अतः नाम परिवर्तन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः मुझे पिंकी भावनानी के नाम से जाना जावे एवं सभी शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में मुझे इसी नाम से पहचाना जावे।

पुराना नाम - गीता मनवानी
नया नाम - पिंकी भावनानी
शपथकर्ता

नाम परिवर्तन सूचना

I, CHARAN SINGH of ARMY NO-JC393485W, Rank - NB / SUB, presently residing at Vill-NAGLA BARI, POST- SONKH, Teh MATHURA, Distt-MATHURA, State- UTTAR PRADESH, PIN- 281123, शपथपूर्वक नि. लि. कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम VINAY KUMAR दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे बेटे के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरे बेटे का नाम VINAY दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे बेटे के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ नं. 38AA850475 दिनांक 03-10-26 नोटरी जबलपुर

गलत नाम-VINAY KUMAR
सही नाम-VINAY

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, **MANJU LATA** is Mother of No **14648117K** Rank **BHM** Name **PAVAN KUMAR** presently, residing at **VILL-BANIYANI, PO- PARPAPPUR, TEH-SAHAWAR, DIST-KASGANJ (UP) - 207241** I, have changed of my name and date of birth from name **MANJU DEVI** and date of birth **01/07/1967** (name and date of birth as per my **SON,** Army service records) to name **MANJU LATA** and date of birth **07/02/1964** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD NO.8422 9292 2724 AND PAN CARD NO. CEKPL8118N** vide affidavit dated **03/10/2026** (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur

CORRECT NAME-MANJU LATA
INCORRECT NAME-MANJU DEVI
CORRECT DATE OF BIRTH 07/02/1964
INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1967

श्री जगदीश प्रसाद पांडे- गली नं. 4, बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री जगदीश प्रसाद पांडे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नरेश बंशकार- प्रेमसागर शीतालामाई वार्ड निवासी श्री रामदीन बंशकार के पुत्र श्री नरेश बंशकार (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुंदरी बाई कोरी- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री नमई लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदरी बाई कोरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राम सजीवन बंशकार- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राम सजीवन बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

मुकुल कोरी- लठा पांडे का बगीचा गोरा बाजार निवासी श्री नरेंद्र कोरी के अल्पायु पुत्र श्री मुकुल कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बतसिया बाई- बागड़ा दफाई पोलीपाथर निवासी श्री रेवाराम की धर्मपत्नी श्रीमती बतसिया बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती कौशल्या कोरी- मड़ई व्हीकल निवासी श्री चंपा लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या कोरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राम चंद्र- अनुराधा कॉलोनी वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री राम चंद्र (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री सीताराम सोंधिया- कटनी झिंझरी निवासी श्री सीताराम सोंधिया (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राज नारायण मिश्रा- न्यू कुदवारी अमखेरा निवासी श्री राज नारायण मिश्रा (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती कीर्ति केवट- शिवनगर गढ़ा निवासी श्री प्रेमलाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति केवट (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन का आंदोलन बनाना जरूरी

गांधी जयंती पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जेपी अस्पताल में श्रमदान कर स्टाफ को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


जेपी अस्पताल में सफाई करते डिप्टी सीएम शुक्ल।

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जेपी अस्पताल में स्वच्छता का संदेश जनभागीदारी के साथ दिया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया और स्वच्छ अस्पताल को स्वस्थ समाज की पहली जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक आदत बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन का आंदोलन बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। उप मुख्यमंत्री ने मातृ एवं शिशु रोग विभाग के सामने ऑक्सीजन प्लांट के पास साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के स्टाफ को अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने और नियमित रूप से श्रमदान में भाग लेने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे स्थानों पर स्वच्छ वातावरण का सीधा संबंध मरीजों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य से है। गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को जीवन में अपनाकर ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और चिकित्सालय का स्टाफ मौजूद रहा।

कायस्थम ने गांधी-शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, भजन भी हुए


कायस्थम

कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मप्र ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कायस्थम के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पुरानी विधानसभा मिंटो हाल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर भजन भी प्रस्तुत किए गए। कायस्थम ने कायस्थ कुल के गौरव भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की दोनों महान विभूतियां आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। इस मौके पर कायस्थम के कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना, सचिव आलोक श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य संजय खरे, विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश खरे, अजय कुमार श्रीवास्तव, विष्णु कांत सहाय, उमंग खरे, रत्ना खरे, रचना सक्सेना डेविड, अर्चना भटनागर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

रेलवे में स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी से लेकर श्रमदान तक हुए कार्यक्रम



गांधी जयंती पर शुक्रवार को भोपाल मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, कॉलोनियों और रेलवे प्रतिष्ठानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वच्छता में सहभागिता; स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम पर हुए आयोजनों में प्रभात फेरी, श्रमदान, स्वच्छता शपथ और वृक्षारोपण किया गया। हबीबगंज रेलवे कॉलोनी में निकली प्रभात फेरी में अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेंद्र बघेल समेत अधिकारी शामिल हुए। इटारसी स्टेशन पर भी प्रभात फेरी निकालकर यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। डीजल लोको शेड में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। वहीं भोपाल, बीना, इटारसी और गुना के रेलवे अस्पतालों तथा अन्य परिसरों में सफाईमित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लगाए गए। बीना में सफाईमित्रों को मास्क और पीपीई किट भी वितरित की गईं। रेलवे स्कूल इटारसी में विद्यार्थियों ने सफाई अभियान में भाग लिया।

महाकौशल गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने 88 वृद्धजनों को किया सम्मानित



जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ एवं महाकौशल गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने संयुक्त रूप से इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित निराश्रित वृद्ध आश्रय गृह, बाजनामठ में वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आश्रय गृह के सभी वृद्धजनों का तुलसी माला एवं श्रीफल से सम्मान किया गया एवं फल वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सावला राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा, विशिष्ट अतिथि गहोई राजेन्द्र प्रसाद सेठ अध्यक्ष अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ, महेश कुमार गन्धी उपाध्यक्ष अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ, श्रीमती पुष्पा ददरया पूर्व अध्यक्ष गहोई वैश्य महासभा, संदीप जैन अध्यक्ष जबलपुर विकास प्राधिकरण, इंजी. अरूण खर्द मंत्री समाज पंचायत जबलपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया, अध्यक्ष महाकौशल गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने की। मुख्य अतिथि श्री सावला ने कहा कि यह दिवस नई पीढ़ी को बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने और उनके प्रति प्रेम व आदर के भाव रखने की प्रेरणा देता है। बुजुर्गों ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव, सफलता असफलताएँ देखी है, उनका यह व्यवहारिक अनुभव नई पीढ़ी को कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने और जीवन की चुनौतियों का सामना करने का सही रास्ता दिखाता है। दीपक सावला के विशेष सहयोग से आश्रय गृह के वृद्धजनों को कम्फर्टर प्रदान किये गये। श्री सेठ ने कहा कि समाज परिवार और राष्ट्र के निर्माण में वृद्धजनों का महत्य अतुलनीय है, ये हमारे जीवन की नींव, संस्कारों के संरक्षक और अनुभव की अनमोल पूँजी हैं। श्री जैन अध्यक्ष जबलपुर विकास प्राधिकरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में युवाओं की ऊर्जा को बुजुर्गों का अनुभव और उचित मार्गदर्शन मिलता है तो समाज और परिवार सही दिशा में प्रगति करते हैं। उन्होनें बुजुर्गों को सही मायने में संस्कारों और संस्कृति का संरक्षक बताया। श्रीमती पुष्पा ददरया ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक सुखी परिवार और आदर्श समाज के लिए बुजुर्गों का होना आवश्यक है तथा वृद्धजनों के योगदान को याद कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया ने कहा कि यह दिन पूर्णरूप से वरिष्ठजनों के अधिकारों, स्वास्थ्य और उनकी भलाई के लिए समर्पित है। वृद्ध व्यक्ति ज्ञान एवं अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं। कार्यक्रम का संचालन इंजी. कमलकांत गुप्ता बहरे एवं आभार इंजी. कृष्णकांत बरसैंया द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य सभा विजय कुमार सुहाने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र रावत, डॉ. अरूण सरावगी, ओमप्रकाश कनकने, ओमप्रकाश तपा, शंभूदयाल बड़ेरिया, इंजी. श्रीकान्त कस्तवार, के.जी. आजाद, दयाशंकर कनकने, प्रकाशचन्द्र बिलैया, दिलीप रावत, इंजी. संतोष सिपोल्या, संतोष सुहाने, विजय बड़ोनिया, सतीश बड़ोनिया, राजेश खर्द, मदन कुमार गुप्ता मोदी, खेमचंद गुप्ता सोनी, एड. अशोक गुप्ता पिपरसानिया, कैलाश लहरिया, गोपालदास नीखरा, अनंतराम बडेरिया, रामगोपाल बजाज, राजू बांगर, नवीन बडेरिया, श्रीमती आशा बडेरिया, श्रीमती सीता सरावगी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। वृद्ध आश्रय गृह के स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

संविदा आधार पर नियुक्त कार्मिकों को नियमित नियुक्ति दिये जाने की स्वीकृति के बावजूद अभी तक आगामी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई : राकेश डीपी पाठक



जबलपुर। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने कहा ऊर्जा क्षेत्र की सभी बिजली कंपनियों में परीक्षा देकर आए संविदा कर्मी अनेक वर्षों से कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, ऊर्जा सचिव के विशेष आदेश पर सभी को नियमित नियुक्ति प्रदान करने हेतु आदेश दिए गए थे। ऊर्जा विभाग ने जुलाई 2026 के आदेश के माध्यम से संविदा आधार पर नियुक्त कर्मियों को स्वीकृत नये समकक्ष नियमित रिक्त पदों पर नवीन नियुक्ति दिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी। ऊर्जा विभाग द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट रूप से आदेशित किया गया है कि नियमित नियुक्ति प्रदान करने की कार्यवाही 31 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किया जाना है । संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने के लिए बाह्य स्रोत एजेंसी के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया संपादित करने के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को नोडल कंपनी नामित किया गया था। उक्त प्रक्रिया के क्रियान्वयन हेतु अल्प अवधि शेष होने के परिप्रेक्ष्य में संविदा कर्मियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करना, बाह्य स्रोत एजेंसी का निर्धारण, परीक्षा की संभावित तिथि से संविदा कर्मियों को अवगत कराया जाना इत्यादि कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किया जाना अति आवश्यक है, जिससे समय सीमा में उक्त प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक, यूके पाठक, लक्ष्मण सिंह राजपूत, दिनेश दुबे, एनके यादव, उमाशंकर मेहता, सतीश गुप्ता,सुरेश बाबू खरे, बीएस राठौर, रामेश्वर गांगे, किशोर चौहान, उमाशंकर दुबे, अफसार अहमद,राजेश मिश्रा, गोपाल चौहान, मदन वर्मा,अवनीश तिवारी, सुधीर मिश्रा, दीपक मेमने विमल महापात्र ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि दो माह से ज्यादा हो गये है किन्तु आज तक संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने हेतु स्वीकृत योजना के क्रियान्वयन हेतु अधिसूचना तक जारी नहीं हो पायी है। इस कारण से सभी संविदा कर्मी अपने आप को शोषित, पीड़ित समझने लगे हैं। इन संविदा कर्मियों के मन में भय, असुरक्षा और असमंजस की स्थिति लगातार निर्मित हो रही है जो बिजली कंपनियों के लिए अच्छी नहीं है। राकेश डीपी पाठक, यूके पाठक, लक्ष्मण सिंह, दिनेश दुबे, एनके यादव, उमाशंकर मेहता, रामेश्वर गांगे, गोपाल चौहान, अनूप वर्मा उमाशंकर दुबे, सतीश गुप्ता, राजेश मिश्रा अविनाश तिवारी, मोहित पटेल, योगेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, मनोज पाठक ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया है कि अनेक वर्षों से नियमित नियुक्ति प्राप्त करने की बाट जोह रहे संविदा कर्मियों के हित में शीघ्र कार्रवाई प्रारंभ कराये जाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

दुर्गा झांकी में न्यू मार्केट में होंगे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन



रोशनपुरा पर तैयार हो रही झांकी।


अजय देवनानी


पंकज वरदानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट दुर्गा उत्सव समिति की ओर से इस बार रोशनपुरा चौराहे पर देवभूमि द्वारका के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री नागेश्वर मंदिर की करीब 60 फीट ऊंची प्रतिकृति तैयार की जा रही है। पांच हजार वर्गफीट में मुख्य पंडाल बनाया जा रहा है। आयोजक पवन वरदानी, सचिव अजय देवनानी ने बताया कि पंडाल में मां अंबे की स्थापना के साथ समुद्र मंथन के प्रसंगों को भी दर्शाया जाएगा। करीब 40 बाय 12 फीट में समुद्र मंथन के साथ झांकी में 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियां भी स्थापित की जाएंगी। झांकी के निर्माण पर करीब 48 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

दो माह से जुटे 20 कलाकार

बंगाली कलाकार कार्तिकेय के नेतृत्व में 20 कलाकार पिछले दो माह से झांकी निर्माण में जुटे हैं। समिति के अनुसार झांकी का करीब 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संदेश

समिति इस बार स्वदेशी, विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का संदेश भी देगी। परिसर में डस्टबिन रखे जाएंगे और पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सजावट में इको-फ्रेंडली लाइट्स का इस्तेमाल किया जाएगा।

सीसीटीवी से निगरानी, अलग होंगे एंट्री-एग्जिट

पूरे झांकी स्थल पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। फायर सिलेंडर, फर्स्ट एड किट, अन्य सुरक्षा उपकरण के साथ दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर भी होगी। तैयारियां समिति अध्यक्ष सतीश गंगराड़े, कोषाध्यक्ष तरुण सिंह और उपाध्यक्ष गौरव आरतवानी के मार्गदर्शन में चल रही हैं।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने आयोजित किया आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैंप

भोपाल। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मप्र आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 400 से अधिक छात्राओं ने आत्म सुरक्षा की ट्रेनिंग ली। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चला, जिसमें मध्यप्रदेश के दूरस्थ स्थित जिले की 400 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस ट्रेनिंग टाइम कैंप में प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री लक्ष्मीकांत मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित, संभागीय अध्यक्ष ग्वालियर एवं चंबल संभाग अवधेश शर्मा, शिवपुरी के जिला अध्यक्ष रघुनंदन त्यागी, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए।

एम्स में राष्ट्रीय फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह मनाया गया

आम लोगों तक पहुंचा सुरक्षित दवा और सुरक्षित चिकित्सा उपकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



एम्स के फामार्कोलॉजी विभाग (औषधि विज्ञान विभाग) ने छठा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया। इस वर्ष का विषय तर्कसंगत दवाएं और सुरक्षित चिकित्सा उपकरणः सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा के लिए फामार्कोविजिलेंस और मैटेरियोविजिलेंस को सशक्त बनाना रहा। सांची के सिविल अस्पताल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) और रातीबड़ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम हुए। लोगों को पीवीपीआई की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-3024, मोबाइल एप और उपभोक्ता रिपोर्टिंग फॉर्म की जानकारी दी गई। एम्स भोपाल के अस्पताल परिसर और पास की दवा दुकानों में पोस्टर लगाए गए और पर्चे बांटे गए। ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) के प्रतीक्षा क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम भी हुआ। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में नर्सिंग अधिकारियों, नर्सिंग और फामेर्सी के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। भोपाल के तीन फामेर्सी कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों को फामार्कोविजिलेंस के बारे में जागरूक किया गया।

जहांगीराबाद के आठ केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने पूरी की 25 साल की सेवा

नौनिहालों के आंगन में सजा मिलन सेवा का मंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जहांगीराबाद स्थित बड़वाली मस्जिद के पास यूनानी शफाखाना के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत मिलन सेवा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें केंद्र क्रमांक 560, 571, 579, 569, 575, 584, 553 और 554 की कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी में सेवा के 25 साल पूरे होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड 34 के पार्षद विलास राव धाड़े ने किया। जबकि परियोजना अधिकारी हिबा खानम ने केंद्रों में काम करने वाली कार्यकर्ता शबाना खान, नाजवर, शादमा, रेशमा को को सम्मानित किया। इस मौके पर पोषण आहार से जुड़ी जानकारी बच्चों के पालकों को दी गई। इसके बाद परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी गर्भवती महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिसके साथ उन्हें जरूरी दवाईयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं की सेहत को लेकर आकर्षक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें कम लागत में पौष्टिक व्यंजन बनाने के तरीके बताए गए।

कोरिया के पटना–पंडोपारा मार्ग की घटना

सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत, 10 घायलों में 3 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया



जिले के पटना–पंडोपारा मार्ग पर हुए भीषण हादसे में तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क पर जा रहे एक बैल को जोरदार टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एक ऑटो से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और वह सड़क से करीब दो फीट नीचे जा गिरा।

ऑटो में 13 से 14 महिलाएं सवार थीं। सभी महिलाएं करहीपारा से बिलारी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को पटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान तीन महिलाओं की मौत की पुष्टि हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों में फूलकुंवर (45), रामबाई (62) और फूलकुंवर (52) के नाम सामने आए हैं। हालांकि मृतकों की संख्या और उनकी पहचान की प्रशासनिक स्तर पर आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

पुलिस कर रही मामले की विस्तृत जांच

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन अस्पताल पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। जिला प्रशासन की ओर से पटना तहसीलदार समेत संबंधित अधिकारियों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने हादसे के कारणों और पिकअप चालक के संबंध में जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को हादसे की प्रमुख वजह माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।

विकास कार्यों, सुशासन पर हुई चर्चा

सीएम साय ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से उनके निवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन की पहलों की जानकारी शेयर की। मुख्यमंत्री ने बस्तर सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। सीएम साय ने नई दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव, छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से उनके निवास पर भेंट की।

समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

सीएम ने महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, रोजगार, किसानों की आय, कृषि आधारित गतिविधियों तथा आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का प्रयास है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचे। सीएम ने राज्य की जनहितकारी योजनाओं की प्रगति से भी उन्हें अवगत कराया।

पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 11.30 लाख रुपए ठगने का मामला

पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार, जेल पहुंचा, दो पहले ही गिरफ्तार हो चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पुलिस विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 11.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी अमन यादव को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले के दो आरोपी उत्तरा सिदार और संजू यादव को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला चक्रधरनगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर 2025 को अलेन किड़ो ने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भतीजे राहुल किड़ो को छत्तीसगढ़ पुलिस में कांस्टेबल पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने 11 लाख 30 हजार रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

कांस्टेबल पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर पीड़ित को बनाया निशाना



अलग-अलग कई टुकड़ों में लिए पैसे

किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ उत्तरा सिदार ने प्रारंभ में 50 हजार की मांग की थी। इसमें उसने 30 हजार उत्तरा सिदार को दिए, जबकि इसके बाद संजू यादव को 20 हजार दिए। इस दौरान आरोपियों ने उसे बताया कि यह राशि रायपुर निवासी विकास सिदार को देनी है, जो नौकरी लगाने में मदद करेगा। इसके बाद पीड़ित ने विकास सिदार सहित उसके अन्य साथियों के खातों में अलग-अलग रकम जमा कर दी।

फर्जी दस्तावेज एवं नियुक्ति पत्र दिखाए

पुलिस जांच में आरोपियों द्वारा फर्जी दस्तावेज एवं नियुक्ति पत्र दिखाकर पीड़ित को विश्वास में लेने की बात सामने आई। इस पर थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 468 और 34 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने उत्तरा सिदार और संजू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस के लगातार बढ़ते दबाव के चलते आरोपी अमन यादव न्यायालय में सरेंडर करने पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अमन यादव ने बताया कि उत्तरा सिदार और संजू यादव के कहने पर ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए उसने अपना बैंक खाता नंबर उपलब्ध कराया था। इसके एवज में उसे रकम देने की बात कही गई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अमन यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

डीआरआई की महाराष्ट्र में दो बड़ी कार्रवाई: सोने-हीरे और संरक्षित वन्य जीवों के गिरोह का पर्दाफाश

एयरपोर्ट पर 13.5 करोड़ के गोल्ड-डायमंड जब्त, 8 अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मुंबई में हाई-टेक दोतरफा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है।

इसमें लगभग 12.64 करोड़ रुपए मूल्य का 8.564 किलो 24-कैरेट विदेशी सोना और लगभग 1.09 करोड़ रुपए मूल्य के 1,168.97 कैरेट हीरे ज़ब्त किए गए। एयरपोर्ट के एक कर्मचारी, छह ट्रांज़िट यात्रियों और भारत से बाहर जाने वाले एक भारतीय यात्री सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया है।



जब्त हीरे और सोना

23 कैप्सूल में मोम के रूप में था सोने का बुरादा

डीआरआई अधिकारियों ने चुपचाप नज़र रखी और उन पांचों यात्रियों को तब पकड़ा जब वे ट्रांज़िट एरिया में एयरपोर्ट स्टाफ़ को सोने के कैप्सूल सौंप रहे थे। तस्करी का सोना सौंपने के बाद ये यात्री आगे सिंगापुर और ढाका जाने वाले थे। कस्टम्स एक्ट, 1962 की संबंधित धाराओं के तहत सभी आठ लोगों को गिरफ़्तार कर लिया गया है।

प्राकृतिक और लैब में बने हीरे जब्त

इसके अलावा, 1,168.97 कैरेट हीरे भी बरामद और जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.09 करोड़ रुपए थी; इनमें 132.17 कैरेट प्राकृतिक हीरे और 1,036.80 कैरेट लैब में बने हीरे शामिल थे। इस ऑपरेशन ने एक बार फिर एयरपोर्ट के ज़रिए सोने की तस्करी में शामिल एयरपोर्ट स्टाफ़ से जुड़े अंदरूनी ख़तरे को उजागर किया है।

हाथी के दांत, तेंदुए की खाल, बरामद, 11 लोग गिरफ्तार

डीआरआई ने खुफिया जानकारी पर आधारित तीन अभियानों में हाथी के दांत से बनी चार चीज़ें (जिनमें बारीक नक्काशी वाली चीज़ें भी शामिल हैं), तेंदुए की खाल का एक टुकड़ा, दो जीवित पैंगोलिन, 3 किलो बाघ की हड्डियां और बाघ के दो कैनाइन दांत जब्त किए हैं।

इन तीन अभियानों में ग्यारह लोगों को पकड़ा गया है। हाथी के दांतों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए चलाए गए एक अभियान में, डीआरआई अधिकारियों ने एक 'डिकॉय ऑपरेशन' (नकली ग्राहक बनकर की जाने वाली कार्रवाई) किया।



हाथी के दांत, तेंदुए की खाल

गोंदिया जिले में दो लोगों को पकड़ा

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में पुराडा गांव के पास दो लोगों को रोका। शक था कि वे तेंदुए को मारकर उसकी खाल बेचने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें रोकने पर तेंदुए की एक खाल बरामद हुई। तेंदुआ (पैंथेरा पार्डस) वाइल्ड लाइफ (प्रोटेक्शन) एक्ट, 1972 की अनुसूची एक में शामिल है, और बरामद खाल को एक्ट के संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त किया गया।

अल्लापल्ली वन में चलाया बड़ा अभियान

महाराष्ट्र के अल्लापल्ली वन क्षेत्र में चलाए गए एक संयुक्त अभियान में, डीआरआई ने लुप्तप्राय वन्यजीवों के अवैध व्यापार में शामिल होने के संदेह में छह लोगों को पकड़ा। इस दौरान एक जीवित वयस्क पैंगोलिन, एक जीवित पैंगोलिन का बच्चा, 3 किलो बाघ की हड्डियां और बाघ के दो कैनाइन (नुकीले दांत) बरामद किए गए। लोगों द्वारा इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें जब्त की।

खबर संक्षेप

ओमान के पास टैंकर पर हमला, 5 भारतीय सेफ

नई दिल्ली। ओमान में भारत के दूतावास ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के पूर्व में करीब चार समुद्री मील दूर कुवैत के



झंडे वाले एक कच्चे तेल के टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ। इस हमले के बाद पांच भारतीय नागरिकों को सुरक्षित किनारे स्थानांतरित कर दिया गया। दूतावास ने कहा कि उसने एमटी काजीमाह तीन नामक टैंकर पर सवार पांच भारतीय नागरिकों के बचाव कार्य का समन्वय किया। दूतावास ने बचाव अभियान के दौरान ओमान के अधिकारियों की निरंतर सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

कनाडा में भारतीय मूल के 5 लोग गिरफ्तार

टोरंटो। कनाडा में भारतीय मूल के पांच लोगों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ये



सभी गोलीबारी, आगजनी, हथियारों की तस्करी और ड्रग्स से जुड़े अपराध शामिल हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि ये गिरफ्तारियां एक ऑटो डीलरशिप की 16 महीने तक चली जांच के बाद की गईं। इस डीलरशिप के सह-मालिकों ने जून 2025 में जबरन वसूली की मांग की शिकायत की थी, जिसके बाद लैंगली और सरे में स्थित डीलरशिप पर आगजनी और गोलीबारी की दो घटनाएं भी हुई थीं।

पाकिस्तान ने भारतीय दूत को तलब किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बताया है कि उसने भारतीय कार्यवाहक राजदूत



को तलब किया है। इस पोस्ट में दावा किया गया है कि 2 अक्तूबर 2026 को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बेदियान सेक्टर में भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने दो पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या की है। इसी घटना पर विरोध दर्ज कराने के लिए पाकिस्तान में भारतीय कार्यवाहक राजदूत को तलब किया गया है। वहीं, भारत में पंजाब पुलिस का कहना है कि तरन तारन में सीमा सुरक्षा बल ने बीएसएफ़ ने दो पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा है।

वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में वायु सेना प्रमुख एपी सिंह ने जताई चिंता

हर साल शामिल करने होंगे 40 विमान उत्पादन में देरी से खड़ी होंगी 'मुश्किलें'

विकास और उत्पादन में देरी से तकनीक अपना महत्व खो देती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> एयर चीफ मार्शल एपी सिंह बार-बार दोहराया कि 'टेक्नोलॉजी में देरी का मतलब है टेक्नोलॉजी से इनकार'। अगर विकास और उत्पादन इतना लंबा खिंच जाए कि दुश्मन आगे निकल जाए तो तकनीक अपना महत्व खो देती है

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में लड़ाकू स्क्वॉड्रनों की गिरती ताकत पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वायु सेना को हर साल 36 से 40 विमान यानी करीब दो स्क्वॉड्रन के बराबर विमान शामिल करने होंगे ताकि संख्या और न गिरे। इसके बाद और तेज गति से इंडक्शन करके ताकत बढ़ाने की जरूरत है। एयर फोर्स डे से पहले सिंह ने साफ कहा कि रक्षा कार्यक्रमों में देरी सीधे ऑपरेशनल क्षमता को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने बार-बार दोहराया कि 'टेक्नोलॉजी में देरी का मतलब है टेक्नोलॉजी से इनकार'।



एयर चीफ मार्शल एपी सिंह

अगर विकास और उत्पादन इतना लंबा खिंच जाए कि दुश्मन आगे निकल जाए तो तकनीक अपना महत्व खो देती है। उन्होंने स्वीकार किया कि वायुसेना के विमानों की संख्या घट रही है और जिन विमानों के समय पर शामिल होने की उम्मीद थी, उनकी डिलीवरी में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि वायुसेना इस अंतर को पाटने के लिए तेजस मार्क-1ए, तेजस मार्क-2, 114 विमानों वाला प्रस्तावित एमआरएफए कार्यक्रम और पांचवीं पीढ़ी का एएमसीए पर काम कर रही हैं। अगर एएमसीए या अन्य कार्यक्रमों में देरी होती है तो ऑपनल लड़ाकू जेट देखने पड़ सकते हैं।

तेजस मार्क-1ए, मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट पर काम जारी

ड्रोन संग हथियारों को एक साथ इस्तेमाल करना ज्यादा प्रभावी

अलग से ड्रोन फोर्स नहीं बनाएंगे

एपी सिंह ने कहा कि ड्रोन भारतीय वायुसेना के लिए कोई नई या क्रांतिकारी क्षमता नहीं हैं, बल्कि यह लंबे समय से मौजूद क्षमताओं के विस्तार का हिस्सा हैं। वायुसेना में ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की संख्या, प्रकार और क्षमताएं लगातार बढ़ाई जा रही हैं। हालांकि, उन्होंने अलग से ड्रोन फोर्स बनाए जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि ड्रोन और अन्य हथियार प्रणालियों को अलग-अलग काम करने के बजाए एक साथ इस्तेमाल करना ज्यादा प्रभावी होगा। ड्रोन को मौजूदा व्यवस्था का हिस्सा बनाकर दूसरे हथियारों और प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। वायुसेना में पहले से ऐसी क्षमताओं के लिए विशेष इकाइयां मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है।

कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी को सराहा

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि स्मित ने जिस तरह की हिम्मत दिखाई, वह बेहद खास है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। एपी सिंह ने कहा कि कैप्टन मच्छार ने मुश्किल हालात में शारीरिक और मानसिक मजबूती का शानदार परिचय दिया। उन्होंने जिस साहस के साथ स्थिति का सामना किया, वह दूसरों के लिए भी सीख है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि संकट के समय धैर्य बनाए रखना और सही फैसला लेना बेहद जरूरी होता है। कैप्टन मच्छार ने अपने साहस और दृढ़ता से यह साबित किया कि कठिन परिस्थितियों में हिम्मत और सूझबूझ कितनी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि कैप्टन मच्छार की कार्रवाई से देश के लोगों को प्रेरणा

थिएटर कमांड पर साफ रुख

थिएटर कमांड के मुद्दे पर एयर चीफ ने स्पष्ट किया कि भारतीय वायु सेना इसके खिलाफ नहीं है। लेकिन संरचना और क्रियान्वयन के क्रम को सावधानी से जांचना जरूरी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले प्रत्यक्ष अनुभवों ने चर्चा की दिशा बदल दी है। अब नए चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के गठन के बाद इस मुद्दे पर फिर से विचार होगा। यह भी देखा जाएगा कि इसे एक साथ लागू करें या चरणबद्ध तरीके से। सैन्य नेतृत्व विकल्प सरकार के सामने रखेगा। उद्देश्य यह होना चाहिए कि संरचना ऑपरेशनल दृष्टि से प्रभावी साबित हो।

रूस के सु-57 ऑफर पर कोई फैसला नहीं

उन्होंने कहा कि रूस के सु-57 ऑफर पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। एचएएल हर साल 24 से अधिक विमान बनाने की दिशा में काम कर रहा है। एमआरएफए कॉन्ट्रैक्ट पूरा होने पर आवश्यक इंडक्शन रेट हासिल करने में मदद मिलेगी। कम संख्या के बावजूद वायु सेना अपनी ऑपरेशनल क्षमता को लेकर सहज है क्योंकि खरीद प्रक्रिया चल रही है। पाकिस्तान और चीन के बीच पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों पर सहयोग को एयर चीफ ने चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि पाक इन प्लेटफॉर्म से पूरा फायदा नहीं उठा पा रहा क्योंकि इन्हें अपनी समग्र युद्ध प्रणाली में अच्छी तरह एकीकृत नहीं कर पाया है। सिर्फ विमान नहीं बल्कि पूरे नेटवर्क में उसका समन्वय ही उसकी प्रभावशीलता तय करता है।

पूरे देश का प्रयास जरूरी

एपी सिंह ने कहा कि बड़े विमानन कार्यक्रमों को समय पर पूरा करने और उनकी परिचालन क्षमता सुनिश्चित करने के लिए 'पूरे देश के प्रयास' वाला दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रमुख विमान कार्यक्रमों में समय पर डिलीवरी और परिचालन क्षमता हासिल करना महत्वपूर्ण है।

ड्रग कार्टेल के खिलाफ लगातार कार्रवाई

नवप्रीत सिंह का तुर्किए से प्रत्यर्पण सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को बताया कि भारत सरकार ने कथित नार्को-ट्रैफिकिंग सरगना नवप्रीत सिंह को तुर्किए से भारत वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि नवप्रीत सिंह के खिलाफ ड्रग्स की तस्करी और अन्य आपराधिक मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इसे मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए इस कार्रवाई में शामिल सभी एजेंसियों को बधाई दी।

अमित शाह ने 'एक्स; पर कहा कि नवप्रीत सिंह ने 'नवाब विर्क' की कथित फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर तुर्किए की नागरिकता हासिल की थी। इसके बावजूद वह अफगानिस्तान से भारत में हेरोइन और मेथामफेटामाइन की कथित तस्करी में सक्रिय रहा। शाह के मुताबिक, भारतीय एजेंसियों ने नवप्रीत सिंह का पता लगाया और उसकी वास्तविक पहचान का खुलासा किया।

नशे की तस्करी को खत्म करके रहेंगे

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार दिसंबर 2029 से पहले हर ड्रग कार्टेल को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नवप्रीत सिंह को भारत लाने की कार्रवाई में शामिल सभी एजेंसियों की सराहना की और इसे नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में महत्वपूर्ण सफलता बताया। इससे पहले अप्रैल में ड्रग तस्करी के संदिग्ध और मोस्ट वांटेड गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी मोहम्मद सलीम डोला को भी तुर्किए से भारत वापस लाया गया था। मई में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के साथ मिलकर अजरबैजान से भगोड़े प्रभदीप सिंह को भारत प्रत्यर्पित कराया था। यह कार्रवाई 358 किलो हेरोइन की बरामदगी से जुड़े एक बड़े ड्रग्स मामले में की गई थी। पुलिस के मुताबिक, 2023 से फरार प्रभदीप को प्रत्यर्पण की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद स्पेशल सेल की तीन सदस्यीय टीम बाकू से भारत लेकर आई थी।

2001 में हुई थी भारत-तुर्किए प्रत्यर्पण संधि

भारत और तुर्किए ने वर्ष 2001 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो जून 2002 में लागू हुई। यह समझौता दोनों देशों को आतंकवाद और अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित भगोड़ों के प्रत्यर्पण की मांग करने की व्यवस्था उपलब्ध कराता है। ऐसे मामलों में इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस समेत स्थापित अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं के जरिए संबंधित देशों की एजेंसियों के बीच समन्वय किया जाता है। पिछले मामलों में तुर्किए ने चरमपंथी नेटवर्क से जुड़े कुछ संदिग्धों को निर्वासित करने में भी भारत की सहायता की है।

यूएन में मनाई गई गांधी जयंती

मौजूदा दौर में गांधी के शांति व अहिंसा के विचार हैं प्रासंगिक

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने कहा कि दुनिया में संघर्ष और अस्थिरता के मौजूदा दौर में महात्मा गांधी के शांति और अहिंसा के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधी के लिए अहिंसा केवल हिंसा से दूर रहने का विचार नहीं था, बल्कि यह सत्य, न्याय और मानवीय गरिमा के प्रति अनुशासित प्रतिबद्धता थी।



हरीश पर्वतनेनी

उन्होंने गरीबी, शोषण और असमानता को भी हिंसा के अलग-अलग रूपों से जोड़ा। पर्वतनेनी ने यह बात महात्मा गांधी की जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। पर्वतनेनी ने गांधी के सर्वोदय के विचार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह समावेशी, समान और टिकाऊ विकास की मौजूदा जरूरत से जुड़ा है।

डोडा मेडिकल कॉलेज में बवाल

लेबर रूम में इंटर्न को बुर्का पहने से रोका, जांच शुरू



कॉलेज के बाहर प्रदर्शन करते इंटर्न

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बुर्का विवाद का मामला गरमा गया है। मेडिकल कॉलेज में शनिवार को नर्सिंग इंटर्न ने विरोध-प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि उन्हें गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट के लेबर रूम के अंदर बुर्का (नकाब) पहनने से रोका गया। यह विरोध बुधवार को डोडा मेडिकल कॉलेज के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट की हेड डॉ. मधु चिब के खिलाफ शुरू हुआ। उन्होंने एक नर्सिंग स्टूडेंट को नकाब पहनने की वजह से लेबर रूम से बाहर जाने को कहा था। इंटर्न ने काम का बहिष्कार किया और अस्पताल परिसर के अंदर प्रदर्शन किया। अस्पताल प्रशासन के दखल के बाद यह गतिरोध खत्म हुआ। मैनेजमेंट ने विरोध की वजहों की जांच के लिए 7 सदस्यों का एक पैनल बनाया।

'तरंग शक्ति' में दिखा साझेदारी का दम



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना द्वारा बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति 2026' आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में विभिन्न देशों की वायुसेनाओं की गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान के जोधपुर में चल रहे इस अभ्यास में भारत के साथ कई देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। इसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त हवाई अभियानों के जरिए आपसी तालमेल, अनुभव साझा करने और एक-दूसरे की संचालन प्रक्रियाओं को समझने का अवसर देना है।

रूसी सेना में अवैध रूप से भारतीय नागरिकों की भर्ती पर सरकार सख्त

140 नागरिकों की हुई घर वापसी 55 को वापस लाने के प्रयास तेज



विदेश मंत्री जयशंकर भारत-रूस सलाहकार संसदीय समिति की बैठक के सदस्यों के साथ

भारत-रूस सलाहकार समिति की बैठक में प्रमुखता से उठा मुद्दा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती का मुद्दा भारत-रूस सलाहकार समिति की बैठक में प्रमुखता से उठा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बताया कि रूसी सेना में शामिल भारतीयों को जल्द से जल्द वापस लाने के लिए रूसी अधिकारियों से लगातार बातचीत चल रही है और इस मुद्दे को उच्च स्तर पर भी उठाया गया है। अब तक करीब 140 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से मुक्त कराया जा चुका है।

नॉर्दर्न सी रूट तक पर बात

बैठक के दौरान भारत-रूस के बीच कनेक्टिविटी और व्यापार को बढ़ाने वाले कई अहम प्रोजेक्ट भी बैठक के एजेंडे में रहे। चेन्नई-व्लादिवोस्तोक कॉरिडोर, इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) और नॉर्दर्न सी रूट को लेकर दोनों पक्षों ने चर्चा की।

यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिशें जारी

भारत-रूस सलाहकार समिति की बैठक में यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने और शांति बहाल करने की दिशा में भारत की हालिया कोशिशों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी की बिश्केक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उस दौरान पीएम मोदी ने साफ कहा था कि अब अंतहीन युद्ध का दौर खत्म होना चाहिए और युद्ध की जगह शांति की दिशा में आगे बढ़ना जरूरी है।

कारोबार बढ़ाने के लिए 7 क्षेत्रों पर नजर

बैठक में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे कई क्षेत्रों में हमारे बहुआयामी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि व्यापार और निवेश के मुद्दे पर दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाना साझा लक्ष्य है।

अलग स्रोतों से जारी रखेंगे ऊर्जा आपूर्ति

वहीं, ऊर्जा सहयोग पर भारत ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। इसके लिए भारत कई अलग-अलग स्रोतों से ऊर्जा की आपूर्ति बनाए रखने के पक्ष में है। यानी किसी एक देश या एक स्रोत पर निर्भर रहने के बजाय आपूर्ति के कई विकल्प खुले रखना भारत की नीति का हिस्सा है।

श्री स्वामीनारायण हिंदू मंदिर पर ईंटों से हमला

खिड़कियां टूटीं, इमारत क्षतिग्रस्त आरोपियों को पकड़ने की अपील

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के ओहायो में श्री स्वामीनारायण वडताल धाम हिंदू मंदिर, रिचमंड हाइट्स में शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे हमलावरों ने मंदिर की इमारत पर ईंटें फेंकीं, जिससे काफी नुकसान हुआ। अमेरिकी गैर-लाभकारी संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने 'एक्स' पर घटना की जानकारी दी। संगठन के अनुसार, घटना के वक्त मंदिर को निशाना बनाया गया और ईंटें फेंके जाने से संरचना को काफी नुकसान पहुंचा।



मंदिर के अंदर का क्षतिग्रस्त हिस्सा

पुलिस को सौंपे सीसीटीवी फुटेज

एचएएफ ने बताया कि घटना की निगरानी कैमरे की फुटेज उपलब्ध है और अधिकारी उसकी समीक्षा कर रहे हैं। मामले की जानकारी एफबीआई और नागरिक अधिकार अधिकारियों को भी दी जा रही है। एचएएफ ने बताया कि वह मंदिर के नेतृत्व के संपर्क में है और जरूरी सहायता उपलब्ध कराने की पेशकश की है।